**भारत सरकार**
**आवासन और शहरी कार्य मंत्रालय**
**लोक सभा**
**अतारांकित प्रश्न सं. 781**
**24, जुलाई 2025 को उत्तर दिए जाने के लिए**

**महाराष्ट्र में स्मार्ट सिटी मिशन**

**†781. श्री बजरंग मनोहर सोनवणेः**
**डॉ. अमोल रामसिंग कोल्हेः**
**श्रीमती सुप्रिया सुलेः**
**श्री भास्कर मुरलीधर भगरेः**
**श्री निलेश ज्ञानदेव लंकेः**
**श्री बलवंत बसवंत वानखडेः**
**प्रो. वर्षा एकनाथ गायकवाड़ः**
**श्री संजय दिना पाटीलः**

क्या **आवासन और शहरी कार्य मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) आज की स्थिति के अनुसार संस्वीकृत, पूर्ण और कार्यान्वयन के अधीन परियोजनाओं की कुल संख्या सहित देश भर में स्मार्ट सिटी मिशन (एससीएम) की राज्यवार वर्तमान स्थिति क्या है;

(ख) मुम्बई, पुणे, नागपुर, नासिक और ठाणे सहित महाराष्ट्र में स्मार्ट शहरों का ब्यौरा क्या है और प्रत्येक शहर में कितनी परियोजनाएं संस्वीकृत, पूर्ण और विलंबित हैं;

(ग) देश में, विशेषकर महाराष्ट्र में स्मार्ट सिटी पहल के अंतर्गत प्रस्तावित भावी परियोजनाओं का ब्यौरा क्या है;

(घ) क्या महाराष्ट्र में स्मार्ट सिटी परियोजनाओं के पूरा होने में विलंब हो रहा है और यदि हां, तो इसके क्या कारण हैं;

(ङ) क्या सरकार ने महाराष्ट्र में स्मार्ट सिटी परियोजनाओं के कार्य-निष्पादन का कोई मूल्यांकन/प्रभाव मूल्यांकन कराया है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(च) क्या सरकार का देश में विशेषकर महाराष्ट्र में किए गए निवेशों को समय पर पूरा करने, उन्हें बनाए रखने और सार्वजनिक लाभ सुनिश्चित करने के लिए उक्त मिशन की समय-सीमा बढ़ाने अथवा ढांचे में संशोधन करने का विचार है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(छ) महाराष्ट्र के स्मार्ट शहरों में जीवन की गुणवत्ता, रहन-सहन क्षमता और सार्वजनिक सेवाओं तक पहुंच में आसानी से होने वाले मापन योग्य सुधारों के संदर्भ में अब तक क्या परिणाम प्राप्त हुए हैं; और

(ज) सरकार द्वारा महाराष्ट्र में एससीएम के अंतर्गत लंबित परियोजनाओं के कार्यान्वयन में तेजी लाने के लिए क्या कदम उठाए जा रहे हैं?

**उत्तर**
**आवासन और शहरी कार्य राज्य मंत्री**
**(श्री तोखन साहू)**

(क) और (ख) राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों द्वारा दी गई सूचना के अनुसार 11.07.2025 तक, स्मार्ट सिटी मिशन (एससीएम) के अंतर्गत चयनित 100 शहरों में 1,64,695 करोड़ रु. की राशि से शुरू की गई कुल 8063 परियोजनाओं में से, 1,53,977 करोड़ रु. की 7,636 परियोजनाएं (कुल परियोजनाओं का 95%) पूरी हो चुकी हैं और 10,718 करोड़ रु. की शेष 427 परियोजनाएं जारी हैं। पूरी हो चुकी और जारी परियोजनाओं की राज्य/संघ राज्य क्षेत्र-वार सूची अनुलग्नक-I में दी गई है।

एससीएम के अंतर्गत, महाराष्ट्र राज्य के 8 शहरों *अर्थात्* औरंगाबाद, कल्याण-डोंबिवली, नागपुर, नासिक, पिंपरी चिंचवाड़, पुणे, सोलापुर और ठाणे का चयन किया गया है। इन 8 शहरों में, 11.07.2025 तक, 16,980 करोड़ रु. की कुल 347 परियोजनाओं में से, 15,425 करोड़ रु. की 328 परियोजनाएं (कुल परियोजनाओं का 95%) पूरी हो चुकी हैं और 1,555 करोड़ रु. की शेष 19 परियोजनाएं जारी हैं। पूरी हो चुकी और जारी परियोजनाओं का शहर-वार ब्यौरा अनुलग्नक-II में दिया गया है।

(ग) 31 मार्च, 2025 को एससीएम को बंद किए जाने के कारण, इस वित्तीय वर्ष के लिए एससीएम के अंतर्गत कोई बजटीय आवंटन नहीं है।

(घ) एससीएम के अंतर्गत शामिल शहरों द्वारा दी गई सूचना के अनुसार, परियोजनाओं के कार्यान्वयन में आने वाली चुनौतियों में *अन्य बातों के साथ-साथ* कानूनी मुद्दे, विभिन्न विभागों से मंजूरी प्राप्त करने में देरी, भूमि अधिग्रहण, छोटे और मझोले शहरों में विक्रेताओं की कमी और संसाधन की उपलब्धता संबंधी चुनौतियां, कुछ शहरों में निर्णय लेने की प्रक्रिया का केंद्रीकरण, सभी नगर निगम विभागों और एजेंसियों के एकीकरण के साथ आईसीसीसी की पूरी क्षमता का उपयोग, परियोजनाओं में बार-बार बदलाव और उन्हें छोड़ देना शामिल हैं।

(ङ) 'नीति आयोग' द्वारा 'शहरी परिवर्तन क्षेत्र में केंद्रीय प्रायोजित योजनाओं के मूल्यांकन' के लिए एक मध्यावधि मूल्यांकन अध्ययन किया गया था। अध्ययन के अंतर्गत, स्मार्ट सिटी मिशन (एससीएम) का मूल्यांकन किया गया और रिपोर्ट फरवरी 2021 में प्रकाशित की गई। हाल ही में, नीति आयोग ने मिशन का एक तृतीय-पक्ष मूल्यांकन शुरू किया है, जो पहले ही शुरू हो चुका है।
इसके अलावा, आवासन और शहरी कार्य मंत्रालय (एमओएचयूए) ने स्मार्ट सिटी में विषयगत प्रभाव मूल्यांकन के लिए प्रतिष्ठित शैक्षणिक संस्थाओं के साथ साझेदारी की थी। इन अध्ययनों का उद्देश्य शहर/राष्ट्रीय स्तर पर स्मार्ट सिटी मिशन (एससीएम) के प्रभाव को समझना और प्राप्त अनुभवों को संकलित करके अन्य शहरों के साथ साझा करना तथा भविष्य के शहरी विकास मिशनों में उनका उपयोग करना था।
(च) और (ज) 31 मार्च 2025 को एससीएम के वित्तीय समापन के बाद, आवासन और शहरी कार्य मंत्रालय ने महाराष्ट्र सहित सभी राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों को 10 जून 2025 की परामर्शिका संख्या 27 जारी की है, जिसमें सभी एसपीवी से अनुरोध किया गया है कि वे सभी जारी एससीएम परियोजनाओं का समय पर समापन सुनिश्चित करें। इसके अलावा, परामर्शिका में उभरती हुई शहरी चुनौतियों का समाधान करने के लिए एसपीवी के प्रयोजन के पुनर्निर्धारण पर ज़ोर दिया गया है। राज्यों और संघ राज्य क्षेत्रों को अपनी संबंधित उच्चाधिकार प्राप्त संचालन समितियों (एचपीएससी) के माध्यम से शहरी क्षेत्र की प्राथमिकताओं को रेखांकित करने और उन क्षेत्रों की मैपिंग के लिए प्रोत्साहित किया गया है, जहाँ एसपीवी यूक्तिपूर्ण भूमिका निभाना जारी रख सकते हैं।

(छ) महाराष्ट्र की स्मार्ट सिटी में परियोजनाओं के क्षेत्र-वार परिणाम अनुलग्नक-III में दिए गए हैं।

*****

अनुलग्नक-I

**महाराष्ट्र में स्मार्ट सिटी मिशन के संबंध में 24.07.2025 को उत्तर दिए जाने के लिए नियत लोकसभा के अतारांकित प्रश्न संख्या 781 के भाग (क) के उत्तर में उल्लिखित अनुलग्नक एससीएम के अंतर्गत पूर्ण और जारी परियोजनाओं की राज्य/संघ राज्य क्षेत्र-वार सूची**

(राशि करोड़ रुपये में)

| राज्य/शहर | कुल परियोजना | | पूर्ण परियोजना | | जारी परियोजना | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | परियोजना | धन राशि | परियोजना | धन राशि | परियोजना | धन राशि |
| अंडमान निकोबार द्वीप समूह | 18 | 511.33 | 9 | 72.42 | 9 | 438.91 |
| पोर्ट ब्लेयर | 18 | 511.33 | 9 | 72.42 | 9 | 438.91 |
| आंध्र प्रदेश | 280 | 6589.01 | 236 | 5700.65 | 44 | 888.36 |
| अमरावती | 19 | 902.94 | 14 | 746 | 5 | 156.94 |
| काकीनाडा | 92 | 1908.09 | 80 | 1731.17 | 12 | 176.92 |
| तिरुपति | 104 | 2082.75 | 79 | 1610.65 | 25 | 472.1 |
| विशाखापत्तनम | 65 | 1695.23 | 63 | 1612.83 | 2 | 82.4 |
| अरुणाचल प्रदेश | 75 | 1032.11 | 59 | 669.52 | 16 | 362.59 |
| ईटानगर | 32 | 520.61 | 24 | 406.85 | 8 | 113.76 |
| पासीघाट | 43 | 511.5 | 35 | 262.67 | 8 | 248.83 |
| असम | 21 | 754.65 | 20 | 745.74 | 1 | 8.91 |
| गुवाहाटी | 21 | 754.65 | 20 | 745.74 | 1 | 8.91 |
| बिहार | 152 | 5348.93 | 138 | 4628.52 | 14 | 720.41 |
| भागलपुर | 27 | 1504.14 | 26 | 1493.72 | 1 | 10.42 |
| बिहारशरीफ | 61 | 1449.15 | 55 | 1169.92 | 6 | 279.23 |
| मुजफ्फरपुर | 30 | 965.89 | 26 | 747.49 | 4 | 218.4 |
| पटना | 34 | 1429.75 | 31 | 1217.39 | 3 | 212.36 |
| चंडीगढ़ | 97 | 2694.25 | 97 | 2694.25 | 0 | 0 |
| चंडीगढ़ | 97 | 2694.25 | 97 | 2694.25 | 0 | 0 |
| छत्तीसगढ़ | 520 | 4454.2 | 502 | 4108.93 | 18 | 345.27 |
| अटल नगर | 52 | 944.03 | 52 | 944.03 | 0 | 0 |
| बिलासपुर | 126 | 1765.46 | 115 | 1529 | 11 | 236.46 |
| रायपुर | 342 | 1744.71 | 335 | 1635.9 | 7 | 108.81 |
| दादरा और नगर हवेली | 29 | 853.06 | 11 | 405.5 | 18 | 447.56 |
| सिल्वासा | 29 | 853.06 | 11 | 405.5 | 18 | 447.56 |
| दमन और दीव | 52 | 1148.09 | 43 | 1093.17 | 9 | 54.92 |
| दीव | 52 | 1148.09 | 43 | 1093.17 | 9 | 54.92 |
| दिल्ली | 127 | 996.97 | 120 | 873.73 | 7 | 123.24 |
| एनडीएमसी | 127 | 996.97 | 120 | 873.73 | 7 | 123.24 |
| गोवा | 51 | 1051.01 | 47 | 1014.28 | 4 | 36.73 |

| राज्य/शहर | कुल परियोजना | | पूर्ण परियोजना | | जारी परियोजना | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | परियोजना | धन राशि | परियोजना | धन राशि | परियोजना | धन राशि |
| पणजी | 51 | 1051.01 | 47 | 1014.28 | 4 | 36.73 |
| गुजरात | 359 | 11506.86 | 356 | 11267.87 | 3 | 238.99 |
| अहमदाबाद | 70 | 2655.39 | 69 | 2626.4 | 1 | 28.99 |
| दाहोद | 36 | 984.46 | 36 | 984.46 | 0 | 0 |
| गांधीनगर | 43 | 1045.99 | 41 | 835.99 | 2 | 210 |
| राजकोट | 71 | 2183.73 | 71 | 2183.73 | 0 | 0 |
| सूरत | 87 | 2693.88 | 87 | 2693.88 | 0 | 0 |
| वडोदरा | 52 | 1943.41 | 52 | 1943.41 | 0 | 0 |
| हरियाणा | 161 | 1979.77 | 137 | 1542.46 | 24 | 437.31 |
| फरीदाबाद | 44 | 928.96 | 33 | 752.73 | 11 | 176.23 |
| करनाल | 117 | 1050.81 | 104 | 789.73 | 13 | 261.08 |
| हिमाचल प्रदेश | 291 | 1551.66 | 265 | 1206.02 | 26 | 345.64 |
| धर्मशाला | 80 | 655.74 | 57 | 365.67 | 23 | 290.07 |
| शिमला | 211 | 895.92 | 208 | 840.35 | 3 | 55.57 |
| जम्मू और कश्मीर | 288 | 6603.47 | 273 | 6302.13 | 15 | 301.34 |
| जम्मू | 127 | 2969.07 | 118 | 2779.28 | 9 | 189.79 |
| श्रीनगर | 161 | 3634.4 | 155 | 3522.85 | 6 | 111.55 |
| झारखंड | 26 | 1847.23 | 26 | 1847.23 | 0 | 0 |
| रांची | 26 | 1847.23 | 26 | 1847.23 | 0 | 0 |
| कर्नाटक | 917 | 13818.79 | 895 | 13436.39 | 22 | 382.4 |
| बेलगावी | 217 | 2779.52 | 211 | 2716.46 | 6 | 63.06 |
| बेंगलुरु | 57 | 1054.24 | 56 | 1031.24 | 1 | 23 |
| दावनगेरे | 128 | 1976.27 | 127 | 1946.64 | 1 | 29.63 |
| हुब्बली, धारवाड़ | 81 | 1949.61 | 79 | 1834.95 | 2 | 114.66 |
| मंगलुरु | 105 | 2579.47 | 94 | 2436 | 11 | 143.47 |
| शिवमोगा | 112 | 1381 | 111 | 1372.42 | 1 | 8.58 |
| तुमकुरु | 217 | 2098.68 | 217 | 2098.68 | 0 | 0 |
| केरल | 177 | 3003.2 | 158 | 2659.38 | 19 | 343.82 |
| कोच्चि | 98 | 1760.73 | 88 | 1599.52 | 10 | 161.21 |
| तिरुवनंतपुरम | 79 | 1242.47 | 70 | 1059.86 | 9 | 182.61 |
| लक्षद्वीप | 12 | 288.84 | 8 | 11.21 | 4 | 277.63 |
| कावारत्ती | 12 | 288.84 | 8 | 11.21 | 4 | 277.63 |
| मध्य प्रदेश | 787 | 15068.71 | 770 | 14520.77 | 17 | 547.94 |
| भोपाल | 82 | 2790.6 | 82 | 2790.6 | 0 | 0 |
| ग्वालियर | 83 | 1572 | 80 | 1405.66 | 3 | 166.34 |
| इंदौर | 231 | 3751.32 | 231 | 3751.32 | 0 | 0 |

| राज्य/शहर | कुल परियोजना | | पूर्ण परियोजना | | जारी परियोजना | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | परियोजना | धन राशि | परियोजना | धन राशि | परियोजना | धन राशि |
| जबलपुर | 130 | 2196.5 | 130 | 2196.5 | 0 | 0 |
| सागर | 80 | 1782.22 | 78 | 1606.95 | 2 | 175.27 |
| सतना | 86 | 1363.22 | 77 | 1190.19 | 9 | 173.03 |
| उज्जैन | 95 | 1612.85 | 92 | 1579.55 | 3 | 33.3 |
| महाराष्ट्र | 347 | 16980.27 | 328 | 15424.89 | 19 | 1555.38 |
| औरंगाबाद | 47 | 2835.4 | 45 | 2690.4 | 2 | 145 |
| कल्याण-डोम्बीवली | 19 | 1244.58 | 16 | 721.13 | 3 | 523.45 |
| नागपुर | 47 | 1767.71 | 38 | 1507.9 | 9 | 259.81 |
| नासिक | 53 | 3197.16 | 51 | 3012.06 | 2 | 185.1 |
| पिंपरी-चिंचवाड | 25 | 1303.61 | 24 | 1171.61 | 1 | 132 |
| पुणे | 55 | 3333.07 | 55 | 3333.07 | 0 | 0 |
| सोलापुर | 49 | 1586.56 | 49 | 1586.56 | 0 | 0 |
| ठाणे | 52 | 1712.18 | 50 | 1402.16 | 2 | 310.02 |
| मणिपुर | 27 | 513.02 | 20 | 251.57 | 7 | 261.45 |
| इम्फाल | 27 | 513.02 | 20 | 251.57 | 7 | 261.45 |
| मेघालय | 13 | 517.41 | 10 | 453.41 | 3 | 64 |
| शिलांग | 13 | 517.41 | 10 | 453.41 | 3 | 64 |
| मिजोरम | 45 | 508 | 32 | 277.64 | 13 | 230.36 |
| आइजोल | 45 | 508 | 32 | 277.64 | 13 | 230.36 |
| नागालैंड | 40 | 689.3 | 40 | 689.3 | 0 | 0 |
| कोहिमा | 40 | 689.3 | 40 | 689.3 | 0 | 0 |
| ओडिशा | 107 | 3589.05 | 104 | 3426.64 | 3 | 162.41 |
| भुवनेश्वर | 32 | 2071.59 | 31 | 2056.59 | 1 | 15 |
| राउरकेला | 75 | 1517.46 | 73 | 1370.05 | 2 | 147.41 |
| पुदुचेरी | 80 | 595.22 | 67 | 312.03 | 13 | 283.19 |
| पुदुचेरी | 80 | 595.22 | 67 | 312.03 | 13 | 283.19 |
| पंजाब | 204 | 4485.66 | 189 | 4143.31 | 15 | 342.35 |
| अमृतसर | 44 | 1911.06 | 41 | 1799.83 | 3 | 111.23 |
| जालंधर | 78 | 1186.04 | 74 | 1023.16 | 4 | 162.88 |
| लुधियाना | 82 | 1388.56 | 74 | 1320.32 | 8 | 68.24 |
| राजस्थान | 579 | 8639.95 | 571 | 8453.5 | 8 | 186.45 |
| अजमेर | 179 | 2223.58 | 176 | 2193.15 | 3 | 30.43 |
| जयपुर | 170 | 2545.38 | 166 | 2403.83 | 4 | 141.55 |
| कोटा | 87 | 2153.81 | 86 | 2139.34 | 1 | 14.47 |
| उदयपुर | 143 | 1717.18 | 143 | 1717.18 | 0 | 0 |
| सिक्किम | 55 | 1660.99 | 48 | 1453.22 | 7 | 207.77 |

| राज्य/शहर | कुल परियोजना | | पूर्ण परियोजना | | जारी परियोजना | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | परियोजना | धन राशि | परियोजना | धन राशि | परियोजना | धन राशि |
| गंगटोक | 29 | 743.75 | 24 | 672.14 | 5 | 71.61 |
| नामची | 26 | 917.24 | 24 | 781.08 | 2 | 136.16 |
| तमिलनाडु | 729 | 17951.9 | 726 | 17923.77 | 3 | 28.13 |
| चेन्नई | 49 | 1104.19 | 48 | 1096.88 | 1 | 7.31 |
| कोयंबटूर | 72 | 1454.82 | 72 | 1454.82 | 0 | 0 |
| इरोड | 55 | 1304.12 | 55 | 1304.12 | 0 | 0 |
| मदुरई | 16 | 1899.66 | 16 | 1899.66 | 0 | 0 |
| सलेम | 114 | 1860.64 | 114 | 1860.64 | 0 | 0 |
| तंजावुर | 103 | 996.45 | 102 | 988.63 | 1 | 7.82 |
| थुथुकुडी | 75 | 1038.48 | 75 | 1038.48 | 0 | 0 |
| तिरुचिरापल्ली | 83 | 1547.68 | 83 | 1547.68 | 0 | 0 |
| तिरुनेलवेली | 81 | 1817.32 | 81 | 1817.32 | 0 | 0 |
| तिरुपूर | 28 | 2832.71 | 28 | 2832.71 | 0 | 0 |
| वेल्लोर | 53 | 2095.83 | 52 | 2082.83 | 1 | 13 |
| तेलंगाना | 168 | 2894.87 | 116 | 2365.07 | 52 | 529.8 |
| ग्रेटर वारंगल | 119 | 1800.38 | 79 | 1385.67 | 40 | 414.71 |
| करीमनगर | 49 | 1094.49 | 37 | 979.4 | 12 | 115.09 |
| त्रिपुरा | 77 | 807.54 | 77 | 807.54 | 0 | 0 |
| अगरतला | 77 | 807.54 | 77 | 807.54 | 0 | 0 |
| उत्तर प्रदेश | 893 | 21155.86 | 883 | 20831.75 | 10 | 324.11 |
| आगरा | 62 | 2368.8 | 62 | 2368.8 | 0 | 0 |
| अलीगढ़ | 52 | 1829.98 | 49 | 1670.59 | 3 | 159.39 |
| बरेली | 88 | 1475.7 | 88 | 1475.7 | 0 | 0 |
| झांसी | 78 | 1867.74 | 78 | 1867.74 | 0 | 0 |
| कानपुर | 91 | 3060.19 | 90 | 3012.36 | 1 | 47.83 |
| लखनऊ | 103 | 2126.41 | 102 | 2115.41 | 1 | 11 |
| मुरादाबाद | 41 | 1503.14 | 41 | 1503.14 | 0 | 0 |
| प्रयागराज | 146 | 2294.83 | 145 | 2249.74 | 1 | 45.09 |
| सहारनपुर | 115 | 1287.2 | 111 | 1226.4 | 4 | 60.8 |
| वाराणसी | 117 | 3341.87 | 117 | 3341.87 | 0 | 0 |
| उत्तराखंड | 33 | 1143.6 | 32 | 939.14 | 1 | 204.46 |
| देहरादून | 33 | 1143.6 | 32 | 939.14 | 1 | 204.46 |
| पश्चिम बंगाल | 226 | 1460.08 | 223 | 1424.01 | 3 | 36.07 |
| न्यू टाउन कोलकाता | 226 | 1460.08 | 223 | 1424.01 | 3 | 36.07 |
| कुल | 8063 | 164694.86 | 7636 | 153976.96 | 427 | 10717.9 |

*11 जुलाई, 2025 तक राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों द्वारा उपलब्ध कराई गई सूचना के अनुसार।*

अनुलग्नक-II

**महाराष्ट्र में स्मार्ट सिटी मिशन के संबंध में 24.07.2025 को उत्तर दिए जाने के लिए नियत लोकसभा के अतारांकित प्रश्न संख्या 781 के भाग (ख) के उत्तर में उल्लिखित अनुलग्नक**

**महाराष्ट्र राज्य में एससीएम के अंतर्गत परियोजनाओं की शहर-वार प्रगति**

**(राशि करोड़ रुपये में)**

| शहर | कुल | | पूर्ण परियोजना | | जारी परियोजना | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | परियोजना | धन राशि | परियोजना | धन राशि | परियोजना | धन राशि |
| औरंगाबाद | 47 | 2835.4 | 45 | 2690.4 | 2 | 145 |
| कल्याण-डोम्बीवली | 19 | 1244.58 | 16 | 721.13 | 3 | 523.45 |
| नागपुर | 47 | 1767.71 | 38 | 1507.9 | 9 | 259.81 |
| नासिक | 53 | 3197.16 | 51 | 3012.06 | 2 | 185.1 |
| पिंपरी-चिंचवाड | 25 | 1303.61 | 24 | 1171.61 | 1 | 132 |
| पुणे | 55 | 3333.07 | 55 | 3333.07 | 0 | 0 |
| सोलापुर | 49 | 1586.56 | 49 | 1586.56 | 0 | 0 |
| ठाणे | 52 | 1712.18 | 50 | 1402.16 | 2 | 310.02 |
| कुल | 347 | 16980.27 | 328 | 15424.89 | 19 | 1555.38 |

11 जुलाई 2025 तक राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों द्वारा उपलब्ध कराई गई सूचना के अनुसार।

**अनुलग्नक-III**

**महाराष्ट्र में स्मार्ट सिटी मिशन के संबंध में 24.07.2025 को उत्तर दिए जाने के लिए नियत लोकसभा के अतारांकित प्रश्न संख्या 781 के भाग (छ) के उत्तर में उल्लिखित अनुलग्नक एससीएम के अंतर्गत महाराष्ट्र की स्मार्ट सिटीज में क्षेत्र-वार परियोजनाओं का ब्यौरा**

**(राशि करोड़ रुपये में)**

| क्र. सं. | एससीएम के क्षेत्र | परियोजनाओं की कुल संख्या | पूर्ण की गई परियोजनाओं की संख्या | पूर्ण की गई परियोजनाओं की लागत | परियोजना समापन का % |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | स्मार्ट मोबिलिटी | 85 | 75 | 5,505.6 | 88 |
| 2 | स्मार्ट एनर्जी | 25 | 25 | 1,158.24 | 100 |
| 3 | जल, स्वच्छता और स्वास्थ्य (वॉश) | 79 | 75 | 3,507.44 | 95 |
| 4 | जीवंत सार्वजनिक स्थान | 58 | 56 | 974.72 | 97 |
| 5 | आर्थिक अवसंरचना | 22 | 21 | 163.85 | 95 |
| 6 | सामाजिक अवसंरचना | 36 | 36 | 1,313.22 | 100 |
| 7 | स्मार्ट गवर्नेंस | 35 | 34 | 2,105.91 | 97 |
| 8 | पर्यावरण | 6 | 6 | 695.91 | 100 |

11 जुलाई, 2025 तक राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों द्वारा उपलब्ध कराई गई सूचना के अनुसार।

*****